U.S. Small Business Administration

# शटर्ड वेन्यू परिचालक अनुदान

आवेदन जांचसूची | 28 जुलाई, 2021

**शटर्ड वेन्यू परिचालक अनुदान आवेदन** (SBA Form 3515) **अनुदान का अनुपालन और शटर्ड वेन्यू परिचालक अनुदान** (SVOG) **के लिए योग्यता आवश्यकताओं को दर्शाने के लिए आवेदक को आवेदन के साथ समर्थक दस्तावेज सबमिट करने होते हैं।**

**आवश्यक** SVOG **आवेदन सामग्रियां एकत्र और तैयार करने में सहायता के लिए,** SBA **ये आवेदन जांचसूची प्रदान कर रहा है। इनमें से कुछ वस्तुओं की आवश्यकता होगी, और उन दस्तावेजों के उदाहरण हैं जो योग्यता के समर्थन प्रमाण के तौर पर सबमिट किए जा सकते हैं। सभी दस्तावेज़ सुपाठ्य होने चाहिए और प्रमाणन दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करके उन्हें दिनांकित करना होगा। पिछले संस्करणों से इस जांचसूची में परिवर्तन/अद्यतनों को आइटम से पहले** * **से इंगित किया जाता है।**

**प्रोग्राम योग्यता, परिभाषाओं आदि के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए** SVOG **अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न देखें और ध्यान से समीक्षा करें।**

# आवश्यक दस्तावेज, जानकारी और तकनोलॉजी

## सभी आवेदक

### तकनोलॉजी

- ☐ *** इंटनेट एक्सेस और संगत ब्राउज़र**
  - SVOG **आवेदन पोर्टल** Microsoft Edge, Google, Firefox **और** Safari **के नवीनतम संस्करणों पर सर्वोत्तम काम करेगा। यह** Internet Explorer **पर काम नहीं करेगा।**
- ☐ *** इंस्टॉल की हुई ऑथेंटीकेटर ऐप के साथ स्मार्टफोन**
  - SVOG **ऑनलाइन आवेदन पोर्टल को लॉगिन करने पर मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन की आवश्यकता होती है। आवेदकों को ऑथेंटिकेटर इंस्टॉल किए हुए स्मार्टफोन की आवश्यकता होगी। आवेदकों के खुद के पास फोन होने की आवश्यकता नहीं है या यह जरूरी नहीं कि वह उनका ही फोन हो।**
  - **ऑथेंटिकेटर ऐप** (Salesforce, Google, Authy, **आदि**.) Android **डिवाइस पर** Google Play **ऐप और** Apple Devices **में** App Store **पर मिल सकते हैं। यह केवल आपके खाते को प्रमाणित करने के लिए होता है।** SBA **आपसे फोन पर संपर्क नहीं करेगा।**
- ☐ *** एक मान्य ईमेल पता**
  - **आपके आवेदन के संबंध में** SBA **के सभी संचार ईमेल के जरिए होंगे।** SVOG **के आवेदन करने के लिए आपके पास एक मान्य ईमेल पता होना चाहिए।**

## सांगठनिक और पहचान कराने वाले दस्तावेज

- ☐ **आवश्यकता का लिखित प्रमाणन**
  - ○ **एक विश्वास प्रमाणन कि वर्तमान आर्थिक स्थितियों की अनिश्चितता के कारण अनुदान के लिए योग्य व्यक्ति या कंपनी के जारी परिचालनों का समर्थन करना आवश्यक बन जाता है।**
  - ○ **यदि कंपनी वर्तमान में परिचालन कर रही है, तो उसे यह बताना चाहिए कि वह कंपनी निधि की प्राप्ति के बाद परिचालन कायम रखेगी। यदि कंपनी वर्तमान में बंद है, तो विवरण में वापस खोलने के इरादे के साथ वापस खोलने की अनुमानित तिथि शामिल होनी चाहिए।**
  - ○ **सभी विवरणों में एक आश्वासन शामिल होगा कि कंपनी** 29 **फ़रवरी**, 2020 **को पूरी तरह परिचालन कर रही थी।**
  - ○ SVOG FAQ **की एक भाषा है जिसे आवेदक आवश्यकता के प्रमाणन के लिए उपयोग कर सकता है।**
- ☐ **व्यवसाय के स्वामी या संस्था के अधिकृत प्रतिनिधि का सरकार द्वारा जारी किया गया फोटो पहचानपत्र**
  - ○ **व्यवसाय के स्वामी या संस्था के अधिकृत प्रतिनिधि के फोटो पहचानपत्र के सामने के हिस्से की प्रति। आईडी के स्वीकार्य प्रकार राज्यीय चालक का लाइसेंस या पहचान पत्र, पासपोर्ट बुक, पासपोर्ट कार्ड, यूएस स्थायी निवासी कार्ड आदि।**
- ☐ **व्यवसाय का लाइसेंस, अगर लागू हो**
  - ○ **अगर शहर, काउंटी, या राज्य के कानूनों के अनुसार आपकी संस्था के पास व्यवसाय का लाइसेंस होना चाहिए, तो एक प्रति प्रदान करें।**
- ☐ * **प्रत्येक आवेदक के सहयोगी का नाम**, EIN, **और** DUNS **नंबर, अगर लागू हो तो**
  - ○ **अगर आपकी संस्था में सहयोगी हैं** (**सामान्य स्वामित्व, प्रबंधन या संविदात्मक या अन्य कानूनी व्यवस्थाओं द्वारा जुड़ा हुआ संगठन**), **तो नाम**, EIN, **और** DUNS **नंबर सहित, एक सूची प्रदान करनी होगी।**
  - ○ **सहयोगियों के बारे में अधिक जानकारी के लिए देखें** SVOG **अक्सर पूछे जाने वाले सवाल।**

## वित्तीय दस्तावेज़

- ☐ 2019 **कर रिटर्न**
  - ○ 2019 **के किसी अवधि में परिचालन में होने की स्थिति में कंपनी के** 2019 **के कर रिटर्न की कॉपी, सभी अनुसूचित सहित।**
- ☐ 2020 **कर रिटर्न**
  - ○ **अगर आवेदक ने पहले ही** 2020 **के कर दाखिल कर दिए हैं, तो आवेदक को** 2020 **का कर रिटर्न प्रदान करना होगा, आवेदन के समय सभी अनुसूचित सहित।**
  - ○ **अगर आवेदक ने अभी तक** 2020 **के कर दाखिल नहीं किए हैं, तो आवेदक को** 2020 **का कर रिटर्न प्रदान करना होगा, अगर** SVOG **प्रदान किया गया हो तो सभी अनुसूचित सहित।**
- ☐ 2018 **का कर रिटर्न** (**केवल उन गैर-लाभकारी संगठनों के लिए आवश्यक जिन्होंने अपना** 2020 **राजस्व वर्ष समाप्त नहीं किया है**)

- ○ **उन गैर-लाभकारी संगठनों के लिए जो अपने** 2020 **के राजस्व वर्ष के समापन पर नहीं पहुचे हैं, संगठन के** 2018 **के कर रिटर्न की प्रति, सभी अनुसूचित सहित।**

☐ * **दिवालियापन दस्तावेज** (**केवल तभी आवश्यक अगर अध्याय** 11 **या अध्याय** 13 **दिवालियापन हो**)

- ○ **जैसे कि दिवालियापन अपील की प्रति, दिवालियापन कार्यवाही की वर्तमान डॉकेट शीट, दिवालियापन योजना के पुष्टि का आदेश, यह खारिज करने का आदेश या मामला बंद करने का आदेश।**

☐ **कर में छूट की स्थिति के दस्तावेज** (501(a) **छूट स्थिति के फॉर्म में, सरकारी चार्टर**), **अगर लागू हो**

- ○ **अगर आपको** 2019 **और** 2020 **के संघीय कर दाखिल करने से छूट मिली थी, तो अपने छूट स्थिति को सत्यापित करने वाले दस्तावेज अपलोड करें।**
- ○ **ध्यान दें कि कर दाखिल करने में छूट और करों का भुगतान करने में छूट अलग-अलग हैं।**

## मानक फ़ॉर्म

☐ SF-424B – **गैर-निर्माण प्रोग्राम के लिए आश्वासन**

- ○ **यह प्रमाणित करता है कि कंपनी अनुदान कार्यक्रम को शासित करने वाले संघीय कानून, कार्यकारी निर्देश, विनियमों और नीतियों की सभी लागू आवश्यकताओं का अनुपालन करेगी। यह** SAM.gov **पंजीकरण का भाग भी है।**

☐ **ड्रग-मुक्त कार्यस्थल का प्रमाणन**

☐ SBA **फ़ॉर्म** 1623, **विवर्जन, निलंबन और अन्य उत्तरदायित्व मामलों का प्रमाणन**

☐ SBA **फॉर्म** 1711, **लॉबिंग के संबंध में प्रमाणन और लॉबिंग गतिविधियों का प्रकटीकरण - उन संगठनों के लिए आवश्यक जो लॉबिंग में संलग्न नहीं होते, जैसा लागू हो**

☐ * SF-LLL **लॉबिंग गतिविधियों का प्रकटीकरण** – **उन संगठनों के लिए आवश्यक जो लाॅबिंग गतिविधियों में संलग्न होते हैं, जैसा लागू हो**

- ○ **किसी भी लॉबिंग गतिविधि की प्रकृति को समझाने वाला प्रमाणीकरण।**

☐ * SVOG-**विशिष्ट** 4506-T – **कर रिटर्न की ट्रांस्क्रिप्ट के लिए** SVOG **अनुरोध** – **उन आवेदकों के लिए आवश्यक जिन्होंने कर फॉर्म** 1040, 1065, 1120, 1120-S, 990, or 990-EZ **दाखिल किए हों**

# आवेदन-विशिष्ट दस्तावेज़

## लाइव वेन्यू परिचालक या प्रचारक, थिएटर निर्माता या लाइव पर्फ़ॉर्मिंग आर्ट्स संगठन परिचालक

☐ **यदि आवेदक स्थान का परिचालक है: फ़्लोर प्लान** (**या तुलनीय दस्तावेज़ीकरण**) **जो निर्धारित प्रदर्शन और दर्शकों का स्थान दर्शाता है और प्रदर्शन स्थान के लिए बाहरी जगह का उपयोग होने की स्थिति में मैदान के प्लान को दर्शाता है**

### मोशन पिक्चर थिएटर परिचालक

- ☐ **उस परिसर का फ्लोर प्लान जो मोशन पिक्चर प्रोजेक्ट रखने के प्रोजेक्शन बूथ और स्थान की पहचान करता हो**

### संग्रहालय परिचालक

- ☐ **फ्लोर प्लान** (**या तुलनायोग्य दस्तावेजीकरण**) **जो इंडोर प्रदशर्न स्थानों और कम से कम एक ऑडिटोरियम, थियेटर, फिक्स्ड सीटिंग वाला प्रदर्शन या लेक्चर हॉल को दर्शाता हो**
  - **अगर ऑडिटोरियम, थियेटर, या प्रदर्शन या लेक्टर हॉल के लिए आउटडोर स्थान उपयोग होता है जो ग्राउंड का प्लान शामिल करें।**
- ☐ **राज्य या स्थानीय अध्यादेश जो महामारी संबंधी कब्जा निषेध का दस्तावेजीकरण करता है** (**सरकारी अधिकारियों या कार्यालय के आदेश**) **से लिंक करने वाला दस्तावेज**
  - **राज्यीय या स्थानीय आदेश जो संग्रहालय पर बुरा असर करने वाले कब्जे पर मौजूद परिसीमा को प्रदर्शित करता है।**
  - **दस्तावेजों के लिंक या प्रतियां** (**जैसे रोक के** .pdf **या** .doc) **स्वीकार्य होंगे।**
- ☐ **गैर-लाभकारी या लाभ-के लिए-नहीं स्थिति के दस्तावेज** (**कर में छूट पत्र के रूप में** - **केवल गैर-लाभकारी संस्थाओं के लिए आवश्यक**)

# सहायक दस्तावेज, जानकारी और तकनोलॉजी के उदाहरण

**उपरोक्त बताए गए आवश्यक दस्तावेजों के अतिरिक्त,** SBA **सहायक दस्तावेजों के प्रकारों की निम्न सूची प्रदान कर रहा है जिसे खास योग्यता आवश्यकताओं के आवेदक के अनुपालन को प्रदर्शित करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। सूची में दिए गए उदाहरण संपूर्ण नहीं हैं और आवेदकों को आमंत्रित किया जाता है कि अगर उन्हें लगता है कि कोई और दस्तावेज उनकी योग्यता का समर्थन करेगा तो वे उसे भी सबमिट करें। सभी दस्तावेज पठनीय होने चाहिए।**

## सभी आवेदक

### तकनोलॉजी

- ☐ * **व्यवसाय का वेबसाइट पता, अगर लागू हो तो**
  - **अगर आवेदक संगठन की व्यावसायिक वेबसाइट है, तो उसका पता प्रदान करें।**
  - **अगर आवेदक का खुद का वेबसाइट पता नहीं है, तो सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर आवेदक के पेज के लिंक का उपयोग भी किया जा सकता है।**
- ☐ * **सोशल मीडिया मौजूदगी** (**सोशल मीडिया पोस्ट के लिंक, सोशल मीडिया पोस्ट के स्क्रीनशॉट, या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पेड विज्ञापन की रसीद के रूप में**)

## सांगठनिक और पहचान कराने वाले दस्तावेज

- ☐ **व्यवसाय गठन के दस्तावेज**
  - ○ **उदाहरणों में शामिल हैं निगमीकरण का अनुच्छेद, मौजूदगी का प्रमाणपत्र, संगठन का प्रमाणपत्र, राज्य एलएलसी समझौता, गठन का प्रमाणपत्र, जानकारी का अनुच्छेद, या भागीदारी समझौते, परिचालन समझौते, इस रूप में व्यवसाय कर रहे हैं** (DBA) **प्रमाणपत्र, राज्य या शहर की सरकार से अच्छे आधार का प्रमाणपत्र, आदि।**
  - ○ **पेशी के समय दस्तावेज़ वैध होने चाहिए और उनमें सभी आवश्यक हस्ताक्षर होने चाहिए।**
- ☐ **इसका दस्तावेज जो व्यवसाय के परिचालन शुरू करने की तारीख का समर्थन करता हो**
  - ○ **उदाहरणों में शामिल हैं तिमाही कर दाखिल करना, वित्तीय विवरण, पेरोल दस्तावेज, व्यवसाय के गठन के दस्तावेज जिनका जिक्र ऊपर किया गया है, व्यवसाय का लाइसेंस, आदि।**
- ☐ ***कर्मियों के दस्तावेज**
  - ○ **संस्था के लिए काम करने वाले कर्मियों के समर्थन के दस्तावेज। उदाहरणों में शामिल हैं कर्मचारियों सूची पदनाम के साथ और कर्मचारी की स्थिति (पूर्ण ओर अंशकालिक), संविदाएं, पेरोल रिकॉर्ड, कार्य विवरण, आदि।**
  - ○ **अतिरिक्त जानकारी के लिए** SVOG **अक्सर पूछे जाने वाले सवाल देखें।**

## वित्तीय दस्तावेज़

- ☐ **सबमिट किए गए टैक्स रिटर्न की प्रतियों जिनमें** 2019 **और** 2020 **के सभी शामिल हो, साथ उपयोग की गई कोई और सभी अनुसूचियां, जैसे:**
  - ○ IRS **फ़ॉर्म** 1040, **शेड्यूल** C
  - ○ IRS **फॉर्म** 1065 (K-1s **सहित**)
  - ○ **राजस्व वर्ष दाखिल करने वालों को** 2018 **से लेकर** 2019 **को कवर करने वाले कर वर्ष के रिर्टन सबमिट करने पड़ सकते हैं**
- ☐ 2019, 2020 **और** 2021 **की तिमाहियों को कवर करने वाले हस्ताक्षरित वित्तीय विवरण, जैसे कि आय विवरण या लाभ तथा हानि विवरण**
  - ○ **मासिक या तिमाही आय विवरण या लाभ और हानि विवरण जो राजस्व और खर्चों के सभी स्त्रोतों को प्रदर्शित करते हैं।**
  - ○ **यदि कंपनी पूरे** 2019 **में परिचालन नहीं कर रही थी, तो उन सभी तिमाहियों के आय विवरणों को शामिल करें जिनमें वह परिचालन कर रही थी।**
- ☐ **तीसरे पक्ष द्वारा भरे गए हस्ताक्षरित वित्तीय ऑडिट**
  - ○ **ऑडिट किए गए नवीनतम वित्तीय विवरण की कॉपी** (2019) **या एकल ऑडिट** (**यदि लागू हो तो**) **या वेबसाइट की लिंक जहाँ रिपोर्ट का पता लगाया जा सके।**
- ☐ **तीसरे पक्ष के टिकट सिस्टम या तीसरे पक्ष के मर्चेंट खाते**
- ☐ **उपरोक्त में से एक साथ** CPA **कम्फर्ट पत्र या** CPA **फर्म अनुप्रमाणन स्वीकार्य है** (**लेकिनव आवश्यक नहीं हैं**)

# आवेदन-विशिष्ट दस्तावेज़

## लाइव वेन्यू परिचालक या प्रचारक, थिएटर निर्माता या लाइव पर्फ़ॉर्मिंग आर्ट्स संगठन परिचालक

- ☐ **यह दिखाने वाले दस्तावेज़ कि स्थान में ऑडियो मिक्सिंग उपकरण, एक जन संबोधन प्रणाली और एक लाइटिंग रिग हैं**
  - ○ **उदाहरणों में शामिल हैं खरीद या इंस्टॉलेशन की रसीदें, वस्तुओंं, फोटोग्राफ, वेन्यू स्पेक शीट को कवर करने वाले बीमा दस्तावेज, या अन्य दस्तावेज जो ये सिद्ध करते हों कि स्थल पर यह उपकरण है।**
- ☐ **यदि आवेदक ऐसे स्थानों पर लाइव पर्फ़ॉर्मिंग आर्ट्स इवेंट का प्रचार या उत्पादन कर रहा है जहाँ वे परिचालन नहीं करते हैं, ईवट का दस्तावेजीकरण करें**
  - ○ **उदाहरणों में शामिल है ऐसे स्थानों की सूची जहां आवेदक ने** 1 **जनवरी** 2019 **और** 29 **फरवरी** 2020 **के बीच लाइव इवेंट प्रचारित, निर्माण, प्रबंध या आयोजितज किए हों; शो लिस्टिंग और कलाकारों के साथ संविदा/मेमोरेंडम; या पेशेवर इंडस्ट्री डेटाबेस या रजिस्ट्री में प्रोफाइल।**
- ☐ **विपणन सामग्रियाँ**
  - ○ **उदाहरणों में शामिल हैं, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक विज्ञापन की कॉपियों, विज्ञापन, सोशल मीडिया पृष्ठों के लिए भुगतान किया जाने की रसीदों आदि को शामिल करें जो इवेंट शीर्षकों, इवेंट के समय और तिथियों और टिकट शुल्क या प्रवेश आवश्यकता को सूचीबद्ध करता है।**
  - ○ **अगर** 2019 **के दौरान आपके** 10 **या अधिक इवेंट थे, तो** 10 **इवेंट के लिए समर्थन प्रदान करें जोआपको लगता हो कि आपके संगठन का सर्वोत्तम ढंग से प्रतिनिधित्व करते हैं।**
  - ○ **अगर आपके** 10 **से कम इवेंट हुए थे, तो सभी ईवेंट के समर्थन में दस्तावेज प्रदान करें।**
- ☐ **फरवरी** 2020 **की प्रस्तुतियों के लिए बॉक्स ऑफिस/टिकटिंग जानकारी**
  - ○ **उदाहरणों में शामिल हैं लेजर, आय विवरण, बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट आदि। तिथियों, कलाकारों या इवेंट, टिकट शुल्कों और बेचे गए टिकटों की संख्या को दिखाया जाना चाहिए। फ़रवरी** 2020 **के सभी प्रदर्शनों की रिपोर्ट प्रदान करें।**
  - ○ **यदि एक स्थान परिचालन कर रहा था, लेकिन फ़रवरी** 2020 **में कोई प्रदर्शन नहीं हुआ था, तो जनवरी** 2019 **और जनवरी** 2020 **के बीच कोई महीना चुनें और उसका दस्तावेज प्रदान करें।**
- ☐ **कलाकार प्रस्तुति समझौते**
  - ○ **उदाहरणों में शामिल हैं, संविदाएं, वित्तीय दस्तावेज, और प्रस्तुति समझौते।**

## मोशन पिक्चर थिएटर परिचालक

- ☐ **सिनेमा प्रोजेक्शन सिस्टम का प्रमाण**
  - ○ **उदाहरणों में शामिल हैं स्थान लेआउट डायग्राम, फोटो, सेवा अनुबंध, खरीदारी अनुबंध या प्रोजेक्टर प्रदाता के अनुबंध या डिजिटल सिनेमा प्रमाणन फ़ॉर्म।**
- ☐ **विपणन सामग्रियाँ**

- **उदाहरणों में शामिल हैं, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक विज्ञापन की कॉपियों, विज्ञापन, सोशल मीडिया पृष्ठों के लिए भुगतान किया जाने की रसीदों आदि को शामिल करें जो मोशन पिक्चर शीर्षकों, इवेंट के समय और तिथियों और टिकट शुल्क या प्रवेश आवश्यकता को सूचीबद्ध करता है।**
- **अगर** 2019 **के दौरान आपके** 10 **या अधिक इवेंट थे, तो** 10 **इवेंट के लिए समर्थन प्रदान करें जो आपको लगता हो कि आपके संगठन का सर्वोत्तम ढंग से प्रतिनिधित्व करते हैं।**
- **अगर आपके** 10 **से कम इवेंट हुए थे, तो सभी ईवेंट के समर्थन में दस्तावेज प्रदान करें।**

☐ **फरवरी** 2020 **की प्रस्तुतियों के लिए बॉक्स ऑफिस/टिकटिंग जानकारी**

- **उदाहरणों में शामिल हैं लेजर, आय विवरण, बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट आदि। तिथियों, कलाकारों या इवेंट, टिकट शुल्कों और बेचे गए टिकटों की संख्या को दिखाया जाना चाहिए। फ़रवरी** 2020 **के सभी प्रदर्शनों की रिपोर्ट प्रदान करें।**
- **यदि एक स्थान परिचालन कर रहा था, लेकिन फ़रवरी** 2020 **में कोई प्रदर्शन नहीं हुआ था, तो जनवरी** 2019 **और जनवरी** 2020 **के बीच कोई महीना चुनें और उसका दस्तावेज प्रदान करें।**

## टैलेंट प्रतिनिधि

☐ **कम से कम दो प्रस्तुति कलाकारों या एंटरटनरों के प्रतिनिधित्व को प्रदर्शित करने वाले प्रमाण**

- **उदाहरणों में शामिल हैं, संविदात्मक/कंसल्टेंट अनुबंध जिसमें टैलेंट को प्रदर्शित किया जाता है, स्थानों का उपयोग किया जाता है और बुकिंग का प्रमाण है।**

☐ **प्रस्तुत किए गए व्यक्तियों और अधिनियमों की सूची जिनके लिए** 2019 **और** 2020 **में प्रदर्शन करने के लिए उनसे अनुबंध किया गया था (जिनमें कोविड**-19 **के कारण रद्द किए गए प्रदर्शन भी शामिल हैं)**

- **सभी व्यक्तियों की क्रॉसवॉक सूची या ऐसे काम और स्थान जिनके लिए प्रदर्शन करने हेतु उनके साथ अनुबंध किया गया था। इस सूची में** 2019 **और** 2020 **में प्रस्तुत किया गया सारा टैलेंट शामिल रहना चाहिए, इसके साथ-साथ प्रदर्शन की तिथियाँ और ऐसे स्थान शामिल रहते हैं जहाँ प्रदर्शन करने के लिए उनसे अनुबंध किया गया था (ध्यान दें यदि प्रदर्शन को कोविड**-19 **के कारण रद्द किया गया हो)।**